# महर्षि दयानन्द सरस्वती विश्वविद्यालय, अजमेर

क्रमांक कु.स. / नि.स. / मदसविवि / 2021 / दिनांक 23–07–2021

प्रेषित–

सहायक कुलसचिव (शैक्षणिक–द्वितीय)
मदस विश्वविद्यालय,
अजमेर

विषय :– **सम्बद्ध महाविद्यालयों को स्पीड पोस्ट के साथ ई.मेल भी करने बाबत।**

उपर्युक्त विषयान्तर्गत लेख है कि आपके अनुभाग द्वारा सभी सम्बद्ध महाविद्यालयों (निजी व राजकीय) व अन्य सभी सम्बन्धित को प्रेषित किए जाने वाले सभी पत्रों आदि की प्रति स्पीड पोस्ट से भेजी जावे तथा वो सभी पत्र आदि तत्काल उन्हें ई.मेल से भी प्रेषित किए जायें। ताकि पत्र आदि सम्बद्ध महाविद्यालयों व अन्य सभी सम्बन्धित को तत्काल मिल जाये तथा उसके अनुसार अग्रिम कार्यवाही सम्बन्धित महाविद्यालय शीघ्र कर सके। महाविद्यालयों के लिए निरीक्षण हेतु जारी किए जाने वाले निरीक्षक नियुक्ति पत्र भी सम्बन्धित निरीक्षकों को स्पीड पोस्ट व ई.मेल से भेज दें।

इसी प्रकार महाविद्यालयों द्वारा यदि कोई सूचना / दस्तावेज / विश्वविद्यालय के पत्र का प्रत्युत्तर आदि ई.मेल द्वारा सहायक कुलसचिव, शैक्षणिक–द्वितीय को भेजा जाता है तो तत्काल उसका प्रिन्ट आउट निकालकर सम्बन्धित महाविद्यालय की पत्रावली में संलग्न कर लें। इसे ऑन –लाईन सम्बद्धता कार्यवाही शुरू करने के प्रारम्भिक चरण के रूप में तरजीह दें। जिसमें यथासम्भव पारस्परिक संवाद / सूचना / दस्तावेजों आदि का प्रेषण प्राप्ति यथा ई.मेल / ऑन लाईन द्वारा ही हो।

ह०/
कुलसचिव

क्रमांक कु.स. / नि.स. / मदसविवि / 2021 / 10701 – 11050 दिनांक 23–07–2021

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु :–

1. समन्वयक / सदस्यगण, सम्बद्धता समिति– प्रो. शिव प्रसाद, प्रो. सुभाष चन्द्र शर्मा। मदसविवि, अजमेर।
2. प्रो. रीटा मेहरा, स्क्रीनिंग कमेटी (निरीक्षक नियुक्ति), मदसविवि, अजमेर।
3. निजी सचिव–माननीय कुलपति, मदसविवि, अजमेर।
4. निजी सहायक–कुलसचिव, मदसविवि, अजमेर।
5. प्राचार्य / सचिवगण, इस विश्वविद्यालय से सभी सम्बद्धता प्राप्त महाविद्यालयों को प्रेषित कर लेख है कि आप विश्वविद्यालय को भेजे जाने वाले दस्तावेज, पत्र आदि स्पीड पोस्ट से भेजने के साथ ई.मेल द्वारा भी dracad.mdsu@gmail.com को भेज दें।
6. वेब एडमिनिस्ट्रेटर, मदसविवि, अजमेर।

कुलसचिव